MAEC

# स्नातकोत्तर (अर्थशास्त्र) उपाधि कार्यक्रम
# (MAEC)

## सत्रीय कार्य 2025–2026
## तृतीय सेमेस्टर
## (जुलाई 2025 और जनवरी 2026 सत्र हेतु)

इग्नू
जन-जन का विश्वविद्यालय

सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली - 110068

# एम.ए. (अर्थशास्त्र) तृतीय सेमेस्टर
# 'सत्रीय कार्य 2025–2026

प्रिय विद्यार्थी,

जैसा कि एमएईसी के लिए कार्यक्रम दर्शिका में वर्णित है, पाठ्यक्रम में सत्रीय कार्यों की अधिभारिता 30ः है और पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के लिए आपको सत्रीय कार्यों में न्यूनतम 40ः अंको की प्राप्ति अवश्य करनी होगी। ध्यान दें, सत्रीय कार्यों को जमा किये बिना आप सत्रांत परीक्षा नहीं दे सकते हैं। सत्रीय कार्य पूरे करने से पहले, कृपया आप अलग से भेजी गई कार्यक्रम दर्शिका में प्रदत्त निर्देशों को पढ़ लें। प्रत्येक पाठ्यक्रम में अध्यापक जाँच सत्रीय कार्य (टीएमए) शामिल हैं। आपको प्रत्येक पाठ्यक्रम के लिए अलग से सत्रीय कार्य तैयार करके इन्हें जमा कराना है। सुनिश्चित करें कि आपने उन सभी पाठ्यक्रमों के सत्रीय कार्य निर्धारित समय में जमा किए हैं, जिनकी सत्रांत परीक्षा देने की योजना आपने बनाई है। सत्रीय कार्य करना आरंभ करने से पूर्व कार्यक्रम निदेशिका के निर्देशों को ध्यानपूर्वक समझ लें। यह बहुत महत्त्वपूर्ण है कि आप अपने शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दें। आपके उत्तर बताई गई शब्द सीमा में ही होने चाहिए। याद रखें कि इन प्रश्नों के उत्तर लिखने से आपकी लेखन कला में सुधार होगा और आपकी परीक्षा हेतु तैयारी भी होगी।

आपको सत्रांत परीक्षा में शामिल होने का पात्र बनने के लिए कार्यक्रम निदेशिका में बताई गई समय सीमाओं में ही अपने सत्रीय कार्य जमा कराने होंगे। ये सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के संयोजक के पास निम्नलिखित समय सीमा के अंदर जमा करा देने चाहिए।

**1) जुलाई 2025 सत्र में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए सत्रीय कार्य जमा करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2026 है।**

**2) जनवरी 2026 सत्र में प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों के लिए सत्रीय कार्य जमा कराने की अंतिम तिथि 30 सितंबर 2026 है।**

आपको अध्ययन केंद्र से सत्रीय कार्य जमा करने की रसीद मिलेगी। उसे संभाल कर रखें। संभव हो तो अपने सत्रीय कार्य की एक फोटो प्रतिलिपि भी अपने पास रखें। अध्ययन केंद्र मूल्यांकन के बाद आपके सत्रीय कार्य आपको लौटाएगा। अध्ययन केंद्र द्वारा आपको मिले अंक मूल्यांकन प्रभाग, इग्नू नई दिल्ली को भेजे जाएंगे।

हम आशा करते हैं कि आप सत्रीय कार्य मे ंदिए गए निर्देशों के अनुसार प्रत्येक श्रेणी के प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखेगें। सत्रीय कार्यों के उत्तर लिखते समय निम्नलिखित बातों को ध्यान में रखेंः

**1) योजना :** सत्रीय कार्य को ध्यान से पढ़िए। सत्रीय कार्य के प्रश्न जिन इकाइयों पर आधारित हैं, उन्हें ध्यान से पढ़िए। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लिखने के लिए उसके बारे में महत्वपूर्ण तथ्य नोट कर लें, और फिर उन्हें तार्किक क्रम में व्यवस्थित कर लें।

**2) संगठन :** अपने उत्तर की कच्ची रूपरेखा बनाने से पहले कुछ बेहतर तथ्यों का चुनाव और विश्लेषण कीजिए। उत्तर की प्रस्तावना और निष्कर्ष पर विशेष ध्यान दें। उत्तर लिखने से पूर्व यह सुनिशचित कर लें कि :

क) आपका उत्तर तर्कसंगत और सुसंगत है;

ख) वाक्यों और अनुच्छेदों में स्पष्ट संबंध है; तथा

ग) उत्तर आपके भाव, शैली और प्रस्तुति के आधार पर सही है।

**3) प्रस्तुतीकरण :** जब आप अपने उत्तर से संतुष्ट हो जाएँ तो जमा कराने के लिए सत्रीय कार्यों के प्रश्नों के उत्तर की स्वच्छ प्रति तैयार करें। **उत्तर साफ–साफ और अपनी हस्तलिपि में लिखना अनिवार्य है।** यह अवश्य सुनिश्चित कर लें कि आपका उत्तर निर्धारित शब्द–सीमा के भीतर ही होना चाहिए।

शुभकामनाओं के साथ!

**पाठ्यक्रम संयोजक**

**सामाजिक विज्ञान विद्यापीठ,**
**इग्नू, नई दिल्ली**

# एम.ई.सी.–110: मुद्रा, वित्तीय संस्थान और बाजार
## शिक्षक मूल्यांकित सत्रीय कार्य (टीएमए)

**पाठ्यक्रम कोडः एमईसी.110**
**सत्रीय कार्य कोड : एएसटी/टीएमए/2025-26**
**कुल अंक : 100**

**नोट : सभी प्रश्नों के उत्तर दें।**

### भाग – क

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 700 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 20 अंक का है।**

1. भारत की वित्तीय प्रणाली का व्यापक विश्लेषण प्रस्तुत करें। भारत में वित्तीय संस्थानों को विनियमित करने के पीछे के तर्क की आलोचनात्मक जांच करें। अपने उत्तर को हाल के उदाहरणों या मामलों से पुष्ट करें, जिन्होंने वित्तीय संस्थानों को विनियमित करने या न करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है।

2. कैपिटल एसेट प्राइसिंग मॉडल (CAPM) की आलोचनात्मक जांच करें। यह निवेश निर्णय लेने और वित्तीय बाजार दक्षता में किस तरह योगदान देता है? वास्तविक दुनिया के परिदृश्य में CAPM के कुछ अनुप्रयोगों के साथ अपने उत्तर को स्पष्ट करें।

### भाग – ख

**प्रत्येक प्रश्न का उत्तर लगभग 500 शब्दों में देना है। इस खंड का प्रत्येक प्रश्न 12 अंक का है।**

3. मार्कोविट्ज़के पोर्टफोलियो सिद्धांत के मुख्य बिंदु क्या हैं? इसकी कुछ सीमाओं पर चर्चा करें।

4. मौद्रिक नीति संचरण तंत्र की व्याख्या करें। इसके विभिन्न रूप क्या हैं ? क्या यह मौद्रिक नीति की सफलता के लिए महत्वपूर्ण है?

5. परिपक्वता पर प्रतिफल (yield to maturity) क्या है? हम बॉन्ड से उत्पन्न होने वाले नकदी प्रवाह की अपेक्षित धारा की गणना कैसे करते हैं?

6. (क) बॉण्ड का मूल्य किस प्रकार ज्ञात किया जाता है?

(ख) 5,000 रुपए के अंकित मूल्य वाला एक बॉण्ड 5 साल के अंत में परिपक्व होता है, बॉण्ड पर ब्याज की दर 15% प्रतिवर्ष है जो सालाना भुगतान की जाती है। 10% वार्षिक प्रतिफल देने के लिए बॉण्ड का मूल्य ज्ञात करें। इसके अलावा,यदि बॉण्ड 6,000 रुपए पर कारोबार कर रहा है, तो क्या इसे खरीदना उचित है? मानलें कि बॉण्ड को सम मूल्य पर भुनाया जाएगा।

7. निम्नलिखित पर संक्षिप्त टिप्पणीयाँ लिखिएः

(क) कॉल ऑप्शन और पुट ऑप्शन
(ख) मौद्रिक नीति के उपकरण
(ग) कुशल बाजार परिकल्पना
(घ) विनिमय (स्वैप)